भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2389
उत्तर देने की तारीख: 08.07.2019

महाराष्ट्र में केन्द्रीय विद्यालय

2389. श्री ओम पवन राजेनिंबालकरः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देशभर में केन्द्रीय विद्यालयों का राज्य और जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने उन जिलों में केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए कोई कदम उठाया है जहां कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं है;
(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का उस्मानाबाद (महाराष्ट्र) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उक्त विद्यालय खोलने का विचार है क्योंकि वहां कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं है; और
(घ) यदि हां, तो जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए इसे कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): देश में आज की तारीख तक 1206 केन्द्रीय विद्यालय कार्य कर रहे हैं। राज्य और जिला-वार ब्यौरा संलग्न है।

(ख) और (ग): नए केन्द्रीय विद्यालयों को खोलने के प्रस्ताव पर तभी विचार किया जाता है जब वे भारत सरकार के मंत्रालय या विभाग/राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा प्रायोजित हों और सरकार की आवश्यक संस्वीकृति के साथ-साथ नया केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने के लिए संसाधनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हो। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए विभिन्न

प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों को 'चुनौती पद्धति' के तहत अन्य प्रस्तावों के साथ स्पर्धा करनी होती है।

महाराष्ट्र में औसमानाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नया केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार से निर्धारित प्रोफार्मा में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****